{ अनमोल वचन }

मात्र शाब्दिक ज्ञान बिना अनुभव अंधा है

- स्वामी विवेकानंद


# बॉर्डर न्यूज मिरर

"खबरों से समझौता नहीं"




केसरिया में 204 कार्टन विदेशी ... 3

www.bordernewsmirror.com

4 बिहार के बेहतर विकास के लिए ...

# छत्तीसगढ़ : इनामी नक्सली समेत 29 नक्सली मारे गए, तीन घायल

**कांकेर/ एजेंसी**

कांकेर के हापाटोला जंगल में मंगलवार को नक्सलियों से मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली है। इनामी नक्सली कमांडर सहित 29 नक्सली मार गिराए गए हैं। घटनास्थल से भारी संख्या में हथियारों की बरामदगी हुई है। इलाके में तलाशी अभियान फिलहाल जारी है। इस दौरान घायल तीन सुरक्षा जवानों की हालत खतरे से बाहर है। आईजी बस्तर सुदरराज पी. ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि इनामी नक्सली सहित 29 नक्सली मारे गए गए हैं। सभी 29 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। शवों की शिनाख्त अभी नहीं हुई है। मौके पर तलाशी अभियान जारी है। मुठभेड़ में बीएसएफ जवान रमेश चौधरी सहित तीन जवान भी घायल



हो गये, जिनकी हालत सामान्य और खतरे से बाहर है। घायल जवानों के बेहतर उपचार की जरूरी व्यवस्था की जा रही है। जिले के थाना छोटेबेठिया क्षेत्र अंर्तगत बिनागुंडा एवं कोरोनार के मध्य हापाटोला के जंगल में डीआरजी एवं बीएसएफ की संयुक्त पार्टी के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हुई। इस दौरान नक्सलियों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। बताया जा रहा है कि मुठभेड़ में 25 लाख के इनामी नक्सली कमांडर शंकर राव एवं 25 लाख की इनामी नक्सली कमांडर ललिता भी मारे गए हैं। साथ ही 07 एके 47 एवं 03 एलएमजी के साथ भारी मात्रा में गोला- बारूद बरामद होने की सूचना मिल रही है। मुठभेड़ स्थल पर तलाशी अभियान पूरा कर जवानों के वापस लौटने के बाद विस्तृत जानकारी मिल पायेगी।

## राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति ने दीं राम नवमी की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली। एजेंसी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को रामनवमी की पूर्व संध्या पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने एक संदेश में कहा है, 'रामनवमी के शुभ अवसर पर मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।' उन्होंने आगे कहा कि भगवान श्री राम के अवतरण के शुभ अवसर के सम्मान में मनाया जाने वाला रामनवमी का यह त्योहार हमें सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश देता है। मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम विनम्रता, धैर्य और पराक्रम का सर्वश्रेष्ठ आदर्श हैं। प्रभु श्री राम ने निस्वार्थ सेवा, वचन के प्रति अडिग प्रतिबद्धता और मित्रता के उच्चतम मानक स्थापित किए हैं। रामनवमी का पर्व हमारे शाश्वत मूल्यों पर मनन करने का अवसर भी है। राष्ट्रपति ने कहा कि आइए, हम भगवान श्री राम के जीवन मूल्यों को आत्मसात करें और एक ऐसे राष्ट्र के निर्माण का संकल्प लें जहां ह्राम राज्यह्न के अनुरूप प्रत्येक व्यक्ति का जीवन गरिमापूर्ण हो तथा विकास की धारा सभी के जीवन में प्रवाहित होती रहे।



उपराष्ट्रपति ने एक संदेश में कहा कि रामनवमी के शुभ अवसर पर, मैं सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि भगवान राम का जीवन कर्तव्यपरायणता, सत्यनिष्ठा और सहिष्णुता का एक शाश्वत प्रमाण है। सदाचार का संदेश देते उनके सिद्धांत युगों से ही सभी के लिए प्रेरणास्रोत रहे हैं। आइए, आज हम भगवान राम द्वारा प्रज्वलित शाश्वत मूल्यों की ज्योति के प्रति स्वयं को समर्पित करें। उन्होंने कहा कि हमारा जीवन प्रभु श्री राम के शाश्वत आदर्शों पर आधारित हो और हम एक समृद्ध एवं शक्तिशाली भारत के निर्माण के लिए संकल्पित होकर कार्य करें।

## हेमा मालिनी पर अभद्र टिप्पणी के मामले में सुरजेवाला पर 48 घंटे का प्रतिबंध

**नई दिल्ली। एजेंसी**

चुनाव आयोग ने अभिनेत्री एवं भाजपा नेत्री हेमा मालिनी पर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में मंगलवार को कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला पर कार्रवाई की है। आयोग ने सुरजेवाला के अगले 48 घंटों के लिए चुनाव प्रचार करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। सुरजेवाला ने 31 मार्च को कैथल में एक जनसभा में उक्त टिप्पणी की थी। 5 अप्रैल को आयोग को इस संबंध में शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए सुरजेवाला से 9 अप्रैल को जवाब तलब किया गया था। 11 अप्रैल को अपने जवाब में सुरजेवाला ने वीडियो से छेड़छाड़ की बात कही



थी। कैथल के जिला निर्वाचन अधिकारी की रिपोर्ट में अभद्र टिप्पणी किए जाने की बात को सही बताया गया था। आयोग ने आज मामले में कार्रवाई करते हुए निर्देश जारी किया है कि सुरजेवाला 16 अप्रैल शाम 6 बजे से 48 घंटों के लिए किसी भी सार्वजनिक बैठक, सार्वजनिक जुलूस, सार्वजनिक रैलियां, रोड शो और साक्षात्कार तथा मीडिया में सार्वजनिक भाषण नहीं करेंगे।

## डीएमके व सहयोगी कांग्रेस पर राजनाथ सिंह ने भ्रष्टाचार और वंशवादी राजनीति का आरोप लगाया

**चेन्नई। एजेंसी**

केंद्रीय रक्षामंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता राजनाथ सिंह ने मंगलवार को तमिलनाडु के कृष्णागिरी में भाजपा उम्मीदवार सी नरसिम्हन का प्रचार करते हुए सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) और उसके सहयोगी कांग्रेस पर भ्रष्टाचार और वंशवादी राजनीति का आरोप लगाया। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार अश्वथमन के लिए तिरुवन्नामलाई जिले में रोड शो भी किया। कृष्णागिरी की जनसभा में राजनाथ सिंह ने राज्य की सत्ताधारी पार्टी पर प्रहार करते हुए कहा कि द्रमुक ने तमिलनाडु को केवल वंशवादी शासन और भ्रष्टाचार दिया है। जबकि भाजपा कहती है कि सबसे पहले राष्ट्र। उन्होंने कहा कि पूरी द्रमुक एक पारिवारिक उद्योग है और द्रमुक की पारिवारिक राजनीति के कारण राज्य के युवाओं को आगे बढ़ने का मौका नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पता चला है कि रेत तस्करों ने दो वर्षों में राज्य के खजाने को 4,600 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया है। मैं कल्पना नहीं कर सकता कि राज्य में लूट का कितना बड़ा खेल चल रहा है। केंद्र सरकार तमिलनाडु के विकास के लिए दिल्ली से हजारों करोड़ रुपये भेजती है। राजनाथ सिंह ने कहा कि भाजपा का तमिलनाडु से गहरा नाता है। राममंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले प्रधानमंत्री मोदी त्रिची के श्रीरंगनाथस्वामी मंदिर आए और पूरे अनुष्ठान के साथ 'कंब रामायण' का पाठ सुना। वह स्थान जहां ऐसा माना जाता है कि महाकवि कंबार ने अपना पहला सार्वजनिक पाठ किया था।

## पूरे बंगाल में निकलेंगी रामनवमी की एक हजार से अधिक शोभायात्राएं

**कोलकाता। एजेंसी**

लोकसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच पश्चिम बंगाल में बुधवार को जोर-शोर से रामनवमी का त्योहार मनाया जाएगा। इस मौके पर कमोबेश एक हजार से अधिक शोभायात्राएं निकाली जानी हैं। रामनवमी से पहले कई चुनावी सभाओं से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दंगा होने की आशंका जाहिर की है इसलिए लोग दहशत के साए में हैं और इस बात की आशंका है कि कई जगहों पर शोभायात्राओं पर हमले हो सकते हैं। वैसे चुनाव आयोग ने भी इसे लेकर बड़े पैमाने पर सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है और पुलिस को साफतौर पर कानून व्यवस्था हर हाल में बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। हावड़ा में विश्व हिंदू परिषद की ओर से निकाली जाने वाली शोभायात्रा को राज्य सरकार ने अनुमति नहीं दी थी जिसके बाद हाई कोर्ट की अनुमति से शोभायात्रा निकाली जाएगी। कोलकाता में भी कम से कम 20 से अधिक शोभायात्राएं निकाली जानी हैं। सबसे बड़ी शोभायात्रा इंटाली से निकलेगी। इसके बाद हावड़ा, हुगली, उत्तर और दक्षिण 24 परगना, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, पुरुलिया, बांकुड़ा समेत बर्दवान आदि जिले में भी बड़े पैमाने पर शोभायात्राएं निकाली जाएंगी। उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार, कूचबिहार, जलपाईगुड़ी, दार्जिलिंग और कलिमपोंग में भी शोभायात्रा निकालने की तैयारी की गई है। हिंदू जागरण मंच के एक वरिष्ठ नेता ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि हर जगह शोभायात्रा निकालने की जानकारी राज्य प्रशासन को दी गई है। पुलिस के साथ कोआर्डिनेशन बैठक भी हुई है और कानून व्यवस्था को मानते हुए शांतिपूर्वक तरीके से रामनवमी की शोभायात्राएं निकाली जाएंगी।

Lakshya Raj Public School

LAKSHYA RAJ KIDZEE

Mission Chowk, Pataura (Infornt of Durga Mandir) Motihari Mob.- 9128562441

# मेरा काम सिर्फ और सिर्फ हर गरीब के घर तक सारी सुविधाएं पहुंचाना: नरेंद्र मोदी

## पीएम ने कहा - पूर्णिया सीमांचल और बिहार को आगे बढ़ाना है, जल्दी एयरपोर्ट होगा शुरू

**बीएनएम @ पूर्णिया**



बिहार के पूर्णिया में दूसरी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार दोपहर कहा कि हमारा लक्ष्य आप युवाओं के सपने को पूरा करना है। मेरा काम सिर्फ और सिर्फ हर गरीब के घर तक सारी सुविधाएं पहुंचानी है यही मेरी सेवा है। पीएम मोदी ने कहा कि 25 करोड़ लोगों को हम लोगों ने गरीबी रेखा से बाहर कर लिया है अब जो बचे हैं इन 5 सालों में पूरा करना है। उन्होंने कहा कि बिहार में अच्छे नौजवान हैं, अच्छे लोग हैं और अच्छे सामर्थ्य की कमी नहीं है। हमें पूर्णिया सहित सीमांचल एवं बिहार तथा भारत का विकास करना है। उन्होंने कहा कि जल्द ही यहां से वंदे भारत तथा एयरपोर्ट की शुरूआत हो जाएगी। पीएम ने कहा कि हमारा पूर्णिया मक्का, जुट एवं मखाना का सबसे बड़ा उत्पादक जिला है। इसलिए हम लोगों ने सरकार की ओर से सहायता और भी बढ़ाई है। जिसको किसी ने नहीं पूछा आज हम उसको पूज रहे हैं। पूर्णिया आज सबसे आकांक्षी जिलों में आगे हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पहले की केंद्र की सरकारें बिहार को पिछड़ा कह कर पीछा छुड़ा लेती थी परंतु हमने प्रण लिया है कि बिहार को किसी भी रूप में आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने एनडीए के उम्मीदवार संतोष कुशवाहा तथा दुलालचंद गोस्वामी को आशीर्वाद देने की अपील की और कहा कि भ्रष्टाचारियों को आने से रोकने के लिए आपकी वोट की ताकत की आवश्यकता है। आपकी ताकत पर हम अच्छा कर पा रहे हैं ।आपके आशीर्वाद पर हम निरंतर भारत को आगे ले जा रहे हैं। सन 2047 तक हमें भारत को विश्व में नंबर एक बनाना है। उन्होंने कहा कि हमने गरीब किसानों के खाने वाले मोटे अनाजों का प्रचार किया ।आज वह मोटा अनाज पूरे विश्व में उपजाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है । जी-20 शिखर सम्मेलन में विभिन्न देशों से आए राष्ट्र के अध्यक्षों को हमने मोटे अनाज का स्वाद चखाया। हर गांव के दलित, वंचित ,गरीब सभी का समाधान करना ही हमारी सेवा का मुख्य लक्ष्य है। उज्ज्वला योजना ,हर घर जनरल योजना, किसान सम्मान निधि हमारी प्रमुखता है। आज मैं गरीबों और दलितों की आवाज इसलिए समझ पाता हूं क्योंकि मैं भी इस समाज से आया हूं। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि जो लोग सीएए का विरोध कर रहे हैं वह लोग जान ले कि मोदी ना तो डरने वाला है ना झुकने वाला है। बिहार में जो जंगल राज और भ्रष्टाचार तथा अपराध का उद्योग था उसे समाप्त करना ही है और यह समाप्त तभी होगा जब आप अपने वोट से हमें ताकत प्रदान करेंगे। कुछ लोग जंगल राज और महा जंगल राज की वापसी चाहते हैं उसे नहीं आने देना है और मोदी के रहते यह मुमकिन भी नहीं होगा यह मेरी गारंटी है। उन्होंने कहा कि अगले 5 साल तक भ्रष्टाचारियों पर और बड़ी-बड़ी कार्रवाई होगी। इस दौरान लाखों महिला पुरुषों की भीड़ लगातार मोदी मोदी, जय श्री राम ,अबकी बार 400 के नारे लगा रहे थे।

# यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में बांका के अपूर्व आनंद को मिला 163वां रैंक

**बॉर्डर न्यूज मिरर । पटना**




यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा-2023 का फाइनल रिजल्ट मंगलवार को जारी हो गया है। इस परीक्षा में बिहार के बांका जिले के अमरपुर प्रखंड के भिखनपुर गांव के एक किसान के पुत्र ने अपने तीसरे प्रयास में यूपीएससी परीक्षा में 163वां रैंक लाया है। भिखनपुर गांव निवासी ओमनारायण शर्मा का पुत्र अपूर्व आनंद बचपन से ही पढाई में मेधावी छात्र था। उन्होने मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा 2013 में डीएवी पब्लिक स्कूल देवघर से उत्तीर्ण किया। जबकि आगे की डिग्री आई आईटी कानपुर से पूरी की। इसके बाद अपूर्व आनंद ने 32 लाख की पैकेज पर गोल्ड मेन कंपनी में दो वर्षो तक काम किया। बचपन से ही कुछ अलग हटकर समाज की सेवा करने की जिद के कारण वह कोविड काल में अपने घर भिखनपुर आ गया और ऑनलाइन यूपीएससी की तैयारी में जुट गया। तीसरे प्रयास में ही उन्हें सफलता हाथ लगी और वह यूपीएससी की परीक्षा में 163 वां रैंक लाकर यह साबित कर दिया को अगर हौसले हो बुलंद तो आँधियो में चिराग जलते हैं। अपूर्व आनंद ने सफलता का श्रेय अपनी मां शबनम शर्मा एवं बड़े पिताजी श्रीनारायण शर्मा को दिया। अपूर्व आनंद के बड़े पिताजी श्रीनारायण शर्मा सलिल ने बताया कि अपूर्व के पिता उनके छोटे भाई ओमनारायण शर्मा एक सफल किसान के साथ -साथ एक अच्छे पिता थे। उन्होंने बचपन से ही अपने बच्चों को अनुशासन में रहना सिखाया। 2015 में उनकी मौत के बाद पूरा परिवार बिखराव की स्थिति में आ गया। अपूर्व आनंद की बड़ी बहन नुपुर शर्मा शादी के बाद बैगलौर में उच्च पद पर जॉब कर रही है जबकि छोटी बहन मधु शर्मा बम्बई के बैंक ऑफ अमेरिका में उच्च पद पर कार्यरत है।

# भाजपा ने कांग्रेस के 'घर-घर गारंटी' अभियान पर उठाए सवाल, चुनाव आयोग से की शिकायत

**नई दिल्ली । एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस के 'घर-घर गारंटी' अभियान पर सवाल उठाते हुए इसको लेकर चुनाव आयोग से शिकायत की है। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को चुनाव आयोग को ज्ञापन सौंपते हुए इसे आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन बताया है। भाजपा प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, ओम पाठक और संजय मयूख शामिल थे। ज्ञापन में कहा गया है कि तीन अप्रैल 2024 को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 'घर-घर गारंटी' नाम के पहल की शुरूआत की। भाजपा का आरोप है कि इस पहल में कथित तौर पर पूरे भारत में घरों में 'गारंटी कार्ड' का वितरण किया जा रहा है, जिसमें एक क्यूआर कोड, आवेदन पत्र और घोषणापत्र प्रतिज्ञाएं शामिल हैं। कांग्रेस के सहयोगी इन कार्डों को सभी लोकसभा क्षेत्रों में वितरित कर रहे हैं। गारंटी कार्ड प्राप्तकर्ताओं को कांग्रेस के वादों का लाभ उठाने के लिए आवेदन दस्तावेजों के रूप में दिखाई दे रहा है।

# जदयू के प्रदेश अध्यक्ष कटिहार एवं भागलपुर में एनडीए गठबंधन की बैठक में होंगे शामिल

**बीएनएम @ पटना**

लोकसभा चुनाव में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए एनडीए ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा के शीर्ष नेताओं का दौरा जहां बिहार में लगातार जारी है वहीं अब जदयू ने भी चुनावी सभा और दौरे को लेकर कार्यक्रम तय किया है। लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर जदयू ने हेलिकॉप्टर दौरा का कार्यक्रम निर्धारित किया है। कार्यक्रम के तहत प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा एवं बिहार सरकार के मंत्री मदन सहनी संयुक्त हेलिकॉप्टर दौरा कर 17 अप्रैल को कटिहार लोकसभा क्षेत्र तथा भागलपुर लोकसभा क्षेत्र में आयोजित एनडीए गठबंधन की बैठक में शिरकत करेंगे।

# संकल्प सभा में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने माफियाओं को दी चुनौती, बांग्लादेशियों को देश से खदेड़ने की कही बात

**बीएनएम @ अररिया**



अररिया में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने माफियाओं को बिहार से बाहर और बांग्लादेशियों को देश से बाहर भेजने की हुंकार भरी। सम्राट चौधरी अररिया में भाजपा उम्मीदवार प्रदीप कुमार सिंह के नामांकन सह संकल्प सभा में भाग लेने के लिए लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान,लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा और जदयू नेता मंत्री रामनाथ ठाकुर के साथ पहुंचे थे। शिवपुरी वार्ड संख्या नौ स्थित मैदान में जनसभा के दौरान सम्राट चौधरी ने जमीन माफिया,बालू माफिया एवं अन्य माफियाओं को कड़ी चेतावनी दी। साथ ही उन्होंने बांग्लादेशी को भी बिहार और भारत से बाहर खदेड़ने की बात कही। उन्होंने सावन माह के दौरान राहुल गांधी के मटन और नवरात्रा के दौरान हेलीकॉप्टर में तेजस्वी प्रसाद और मुकेश सहनी के द्वारा मछली खाए जाने पर चुटकी लेते हुए विपक्षियों को सनातन विरोधी और भगवान राम को नहीं मानने वाला बताया। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने बिहार के लंबे समय तक पिछड़ेपन का मुख्य कारण बिहार और केन्द्र में अलग अलग सरकार के होने का कारण बताया। उन्होंने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार अब है और बिहार में विकास को कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने उत्तरप्रदेश के तीव्र गति से विकास होने के पीछे केंद्र और राज्य में डबल इंजन की सरकार होना बताया।उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अर्थव्यवस्था के मामले में विश्व में पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में शामिल हुआ। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि 10 सालों के दौरान भारत में 25 करोड़ परिवार गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं।उन्होंने प्रधानमंत्री गरीब जन कल्याण अन्न योजना को विश्व की सबसे बड़ी योजना करार दिया।सभा में पूर्व डिप्टी सीएम तारकिशोर प्रसाद,सिकटी विधायक विजय कुमार मंडल, फारबिसगंज विधायक विद्यासागर केशरी, नरपतगंज विधायक जय प्रकाश यादव, रानीगंज विधायक अचमीत ऋषिदेव समेत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन घटक दलों के सभी जिला पदाधिकारी समेत भारी संख्या में लोग मौजूद थे। संकल्प सभा में उपस्थित राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर ने कहा कि जिस संकल्प और उम्मीद के साथ पिछली बार आप अररिया की जनता ने कमल के बटन दबाकर प्रदीप कुमार सिंह को जिताकर प्रधानमंत्री मोदी जी का हाथ मजबूत किया और इन्हें सदन में भेजा। उसी प्रकार आज आपलोगों से आग्रह करने आया हूं की इस बार पुनः अररिया से प्रदीप कुमार सिंह को जिताकर प्रधानमंत्री मोदी जी हाथ मजबूत करें और विकसित अररिया निर्माण के संकल्पों को साकार करें। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा की आपलोगों की भीड़ और उत्साह इस बात का प्रमाण है कि अररिया के लोगों ने प्रदीप कुमार सिंह को पुनः अपना सांसद बनाने का ठान लिया है।

स्टोन क्लिनिक मोतिहारी
STONE CLINIC MOTIHARI
शास्त्री नगर, महिला कॉलेज रोड, मोतिहारी, बैंक रोड, राजेश्वरी पैलेस होटल के पूरब वाली गली में

# कोचिंग संचालन से विशेष दक्ष कक्षा पर पड़ रहा प्रतिकूल असर

## विशेष दक्ष कक्षा के समय पर हो रहा कोचिंग का संचालन

**बीएनएम @ केसरिया**

विभागीय आदेश के आलोक में क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश के दौरान 15 मई तक मिशन दक्ष अन्तर्गत विशेष दक्ष कक्षा का संचालन किया जायेगा। इसकी शुरूआत 15 अप्रैल से की गई है। यह कक्षा सुबह आठ बजे से 10 बजे तक संचालित किया जा रहा है। जिसमें मिशन दक्ष में शामिल बच्चों के अलावा वार्षिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण व किसी कारणवश परीक्षा नहीं देने वाले एवं नियमित बच्चे शामिल हो रहे हैं। इन बच्चों को मध्याह्न भोजन भी कराना है। इसको लेकर प्राथमिक शिक्षा निदेशालय ने निदेश जारी किया है। लेकिन क्षेत्र में संचालित निजी कोचिंग संस्थानों के कारण विशेष दक्ष कक्षा में बच्चों की उपस्थिति पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। चूंकि अधिकांश कोचिंग संस्थानों द्वारा सुबह से 10 बजे तक व दोपहर से शाम तक कोचिंग संचालित किया जाता है। जिसके कारण विशेष दक्ष कक्षा में बच्चों की उपस्थिति उम्मीद के अनुकूल नहीं हो रही है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में करीब पाँच दर्जन से अधिक कोचिंग संस्थान संचालित है। जिस पर विभाग का कोई नियंत्रण नहीं है। इन कोचिंग संस्थानों द्वारा विद्यालय संचालन अवधि के समय पर हीं अपने संस्थान का संचालन किया जाता है। इस बाबत बीपीएम अनिल कुमार से पूछे जाने पर बताया गया कि सोमवार को क्षेत्र के कई कोचिंग संस्थान का निरीक्षण कर विद्यालय अवधि में कोचिंग संचालन नहीं करने की हिदायत दी गई है। यदि इसके बावजूद विद्यालय अवधि में कोचिंग संचालन किया जा रहा है तो ऐसे संस्थानों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# केसरिया में 204 कार्टन विदेशी शराब जब्त, तीन गिरफ्तार

**बीएनएम@केसरिया**



## केसरिया पुलिस व मद्य निषेध टीम ने की कार्रवाई

पुलिस ने सोमवार की देर संध्या शराब की बड़ी खेप जब्त की है। केसरिया पुलिस व मद्य निषेध टीम की संयुक्त कार्रवाई में यूपी से बिहार के विभिन्न जगहों पर डिलेवरी को ले जाये जा रहे 204 कार्टन विदेशी शराब को पीताम्बर चौक के पास जब्त किया गया। थाना में मंगलवार को जानकारी देते हुए पुलिस उपाधीक्षक चकिया सत्येन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि मद्य निषेध पटना इकाई द्वारा सूचना मिली कि डुमरियाघाट से केसरिया की तरफ शराब की एक बड़ी खेप जा रही है। जिसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए केसरिया पीताम्बर चौक के पास थानाध्यक्ष उदय कुमार के नेतृत्व में सघन वाहन जाँच शुरू कर दिया गया। इसी क्रम में दो संदिग्ध ट्रक क्रमशः यूपी 57 टी 6838 व बीआर 01 जीएल 2586 को जाँच के लिए रोका गया। जाँच के क्रम में दोनों ट्रक से 204 कार्टन में रखे गए 1780 लीटर ऑफिसर्स च्वाइस व एट पीएम ब्रांड की शराब बरामद की गई। उक्त शराब को ट्रक की केबिन में छुपाकर रखा गया था। इस मामले में चालक भागलपुर सनोखर के नितेश कुमार यादव, भागलपुर कहलगाँव का उमेश कुमार यादव व सोनपुर का बृजमोहन को पकड़ा गया। संदेह है कि ट्रक चालक तस्कर है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में शराब की खेप जीवधारा के रंजीत गुप्ता व सोनपुर में देने की बात सामने आयी है। इससे संबंधित अन्य जानकारी को लेकर गिरफ्तार लोगों से पूछताछ की जा रही है। इस कार्रवाई में एसआई नवल किशोर, एसआई अरुण कुमार यादव व मद्य निषेध पटना की टीम शामिल रही।

# खाना बनाने के दौरान लगी भीषण आग 60 घर जलकर हुए राख

**बीएनएम @ बगहा**



खाना बनाने के दौरान लगी भीषण आग में लाखों का नुकसान हुआ है। आग लगने से 60 घर जलकर खाक हो गए हैं। बताया जा रहा है कि गैस सिलिंडर ब्लास्ट के कारण यह हादसा हुआ है। आग लगने के बाद गाँव में अफरा तफरी मच गई। हालांकि सूचना पर पहुंची दमकल कि गाड़ी ने आग पर कड़ी मशक्कत के घंटों बाद काबू पाया। लेकिन जब तक आग बुझाई गई तब तक कइयों के आशियानें जलकर राख में तब्दील हो गए । आग लगने के कारण लाखों कि सम्पति का नुकसान पहुंचा है। जिसके बाद अग्नि पीड़ितों को सरकारी मदद कि दरकार है।

घटना दियारावर्ती बथवरिया थाना क्षेत्र बथवरिया शेरा बाजार इलाके कि है जहाँ एक हीं बस्ती में लगी आग तेज हवाओं के कारण तेजी से फैल गई औ? देखते हीं देखते घरों में रखे सारे सामान राशन, कपड़े औ? एक बेटी कि शादी के लिए रखे गए सारे सामान भी जलकर खाक हो गए हैं। अगलगी के बाद गाँव में हाहाकार मच गया है।

# महिला के साथ 10 लोगों पर मारपीट और गालीगलौज करने पर एफआईआर दर्ज

**बीएनएम @ बगहा**

वाल्मीकिनगर थाना अंतर्गत हवाई अड्डा के समीप धनहा टोला निवासी 30 वर्षीय मुन्नी देवी ने अपने पड़ोस के करीब 10 लोगों पर मारपीट और गालीगलौज करने का आरोप लगाया है। मुन्नी देवी ने थाना को दिए अपने आवेदन के माध्यम से बताया कि सोमवार को सन्ध्या पहर घर के दरवाजे पर झाड़ू लगा रही थी इसी क्रम में कुछ सूखे पत्ते उड़कर पड़ोसी भोला धांगड़ के घर के पास चला गया । जिससे भोला धांगड़ नाराज होकर गाली गलौज करने लगा । जब मैं गालीगलौज करने से मना किया तो घर के दूसरे परिजनों को बुलाकर मारपीट और गालीगलौज करने लगे। इसी मारपीट के दौरान मेरे दाहिने कनपटी पर चोट लगी,जिससे मैं लहूलुहान हो गई। थानाध्यक्ष विजय राय ने बताया कि आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और घटना की जांच की जा रही है।

# भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी व नेपाल आर्म्ड फोर्स की संयुक्त गश्ती हुआ शुरू

**बीएनएम @ मोतिहारी**

लोकसभा चुनाव-2024 को शांतिपूर्ण व निष्पक्ष रूप से कराने को लेकर भारत नेपाल सीमा सुरक्षा व्यवस्था चौकस कर दिया गया है।

गत दिन पूर्वी चंपारण जिला पुलिस,नेपाल पुलिस व एसएसबी की संयुक्त बैठक के बाद मंगलवार को एसएसबी और नेपाली एपीएफ के जवानों ने संयुक्त रुप से गश्ती शुरू कर दिया है। जिससे सीमा क्षेत्र के दोनों ओर क्रियाशील तस्कर व असामाजिक तत्व में दहशत का व्याप्त है। संयुक्त गश्ती के के दौरान दोनों देश के जवानो ने सीमावर्ती दर्जनों गांवों का भ्रमण कर लोगो को संदिग्ध लोगो की सूचना देने को कहा। साथ ही दोनों देश सीमा पर बसे गांवों के लोगो को पूर्ण सुरक्षा का आश्वासन भी दिया।



अठमोहान एसएसबी कैंप प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि भारत-नेपाल की खुली सीमा होने के कारण इसका फायदा असामाजिक तत्व, शराब तस्कर, मादक तस्कर और अपराधी प्रवृत्ति के लोग नहीं उठा सके। इसको लेकर दोनों सुरक्षा अधिकारियों के बीच हुई बातचीत के बाद आपसी समन्वय से बॉर्डर क्षेत्र में भयमुक्त माहौल को बनाने को लेकर ज्वाइंट पेट्रोलिंग की जा रही है। ताकि खुली सीमा का फायदा उठाकर असामाजिक तत्व लोग भारत या नेपाल में प्रवेश न कर सके। उन्होंने बताया कि दोनों देश के ज्वाइंट आपरेशन के दौरान सीमा क्षेत्र के लोगो के सहयोग से असामाजिक तत्वों व तस्करों पर पैनी निगाह रखी जा रही हैं,ताकि आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराई जा सके।




# सीसीए एक्ट के तहत 63 लोगों पर हुई कार्रवाई

**बीएनएम @ गोपालगंज**

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर थाना क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। इसके तहत आपराधिक प्रवृत्ति लोगों को चिह्नित कर उन पर बिहार अपराध नियंत्रण एक्ट लगाया गया है। लोकसभा चुनाव को प्रलोभन मुक्त व भयमुक्त, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए विभिन्न थाना क्षेत्र में 63 लोगों के विरूद्ध सीसीए एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए प्रतिवेदन को एसपी स्वर्ण प्रभात ने डीएम को सीसीए एक्ट लगाने के लिए प्रस्ताव भेजा है, जिस पर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि 63 लोगों पर सीसीए एक्ट लगता है तो उन्हें मतदान के दिन जिला बदर भी किया जा सकता है। एसपी ने जिलाधिकारी को इसे लेकर प्रस्ताव भेजा है, जिसके तहत जिलाधिकारी सह दंडाधिकारी ने इन व्यक्तियों के विरुद्ध बिहार अपराध नियंत्रण 1981 की धारा 3 के तहत कार्रवाई की। बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम 1981 की धारा (3) के तहत जिले के विभिन्न थानों से अपराधियों के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक द्वारा भादवि 1861 के अध्याय 16 व अध्याय 17 के तहत उनके कृत्यों को दंडनीय अपराध की श्रेणी में रखते हुए इन लोगों के विरुद्ध बिहार अपराध नियंत्रण अधिनियम की धारा 2 डी के अंतर्गत इन्हें असामाजिक तत्व मानते हुए प्रस्ताव जिलाधिकारी को भेजा है। प्रस्ताव के आलोक में जिलाधिकारी सह दंडाधिकारी के द्वारा संबंधित अपराध कर्मियों से कारणपृच्छा करते हुए उन्हें जवाब दाखिल करने को कहा गया है कि क्यों न उनके विरुद्ध अधिनियम की धारा 3 की उपधारा तीन के तहत आदेश पारित किया जाए। डीएम सह दंडाधिकारी ने कहा कि चिह्नित इन सभी लोगों के विरुद्ध सीसीए एक्ट के तहत कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की है। जिन्हें संबंधित थानों से संबद्ध किया गया है और ये सभी प्रतिदिन उपरोक्त थानों में अपनी हाजिरी देंगे। इसके अलावा इन पर जिला बदर की कार्रवाई भी हो सकती है।वहीं चुनाव को देखते हुए कुल 29 कुख्यात अपराधियों का चनावे जेल से दूसरे जेल में भेजा गया, जिसमें इसमें कुख्यात योगेंद्र पंडित, ड्रग तस्कर गणेश चौरसिया, विशाल सिंह, सद्दाम नट, बुच्ची सिंह, विवेक सिंह,लाल बच्चन सहनी, मुन्ना मिश्रा, जितेंद्र पासवान शामिल है।

# बिहार के बेहतर विकास के लिए लोकसभा चुनाव में महागठबंधन को वोट दे : तेजस्वी

**बीएनएम @ नवादा**



बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को कहा कि देश का संविधान बचाने के उद्देश्य तथा बिहार के विकास के लिए लोकसभा चुनाव में महागठबंधन उम्मीदवार श्रवण कुशवाहा को वोट दें। ताकि बिहार का बेहतर विकास हो सके। तेजस्वी यादव नवादा जिले के सिरदला के जर्रा बाबा पहाड़ी मैदान में महागठबंधन की चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे । उन्होंने कहा कि सभी के खाते में 15 -15 लाख रुपये काला धन विदेश से मंगवाने की घोषणा की थी भाजपा वालो ने। लेकिन क्या 15 लाख रुपये मिल गए । उन्होंने कहा कि केवल झूठ बोलकर तथा सांप्रदायिक भावना को भड़काकर गद्दी हथियाने की कोशिश की जा रही है। जो देश समाज हित में उचित नहीं है । उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 56 इंच का सीना रखने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने विकास की गारंटी दे रहे हैं। लेकिन वह मेरे पलटू चाचा की गारंटी नहीं दे सकते कि वे उन्हें रख पाएंगे या नहीं। जो नेता इतना कमजोर हो उसकी गारंटी पर क्या भरोसा हो सकता है । उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार की सरकार में 17 महीने तक हमने साथ रखकर 5 लाख लोगों को सरकारी नौकरी दी। अगर अब तक हम साथ रहते तो 10 लाख लोगों को निश्चित तौर पर नौकरी देते ।जो काम अधर में लटक गया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार मेरे साथ होने के पहले नौकरी देने में क्यों अक्षम सिद्ध हो रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बार अगर राजग की सरकार बनी तो संविधान को ही बदलने का प्रयास किया जाएगा ।जो देश हित में बिल्कुल गलत होगा । उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी सर्वजात ,सर्वधर्म की पार्टी है। यहां किसी से कोई भेदभाव नहीं है ।इसलिए हम समाज का चौमुखी विकास चाहते हैं ।अगर बिहार का चौहमुखी विकास चाहिए तो निश्चित तौर पर महागठबंधन को वोट दें। तेजस्वी यादव ने नवादा लोकसभा क्षेत्र के राजद प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा को माला बनाकर जीत के लिए उपस्थित जनसमूह से आशीर्वाद दिलाया। इस अवसर पर श्रवण कुशवाहा ने तेजस्वी यादव का स्वागत करते हुए हर मुकाम पर खरा उतरने की बात कही। मौके पर जनता दल यू की प्रांतीय महासचिव पिंकी भारती ने पार्टी से इस्तीफा देकर राष्ट्रीय जनता दल के सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर राजद के प्रांतीय प्रवक्ता पूर्व विधायक शक्ति सिंह यादव, हिसुआ के कांग्रेस विधायक नीतू सिंह , गौतम कपूर चंद्रवंशी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए महागठबंधन की जीत सुनिश्चित कराने की बात कही।

# 10 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

**बीएनएम @ मोतिहारी**

जिले के कोटवा थाना क्षेत्र का 10 हजार के इनामी बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस सम्बन्ध मे एएसपी सदर 1 शेखर चौधरी ने बताया है कि गिरफ़्तार अपराधी आजाद मिया कोटवा थाना क्षेत्र का निवासी हैं, जिसके विरुद्ध पुलिस मुख्यालय की ओर से 10 हजार का इनाम घोषित था। इसके विरुद्ध कोटवा थाने में वर्ष 2019 में तीन लूट कांड का मामला दर्ज है। पिछले 5 साल से यह पुलिस के गिरफ्त से फरार चल रहा था। वही इसका एक सहयोगी कोटवा का ही राजू कुमार पूर्व में न्यायालय में सरेंडर किया है। थाने में दर्ज तीनो ही मामलों में उसकी भी संलिप्तता सामने आई थी । राजू के विरुद्ध 15 हजार का इनाम रखा गया था। वह डेढ़ माह पहले पुलिस दबिश के बाद सेरेडर कर दिया। पुलिस टीम में एएसपी के अलावे कोटवा थानाध्यक्ष राजरूप राय , गोविंदगंज थानाध्यक्ष राजू कुमार मिश्र,टेक्निकल सेल के इंस्पेक्टर अनुज कुमार जमादार कालीचरण पासवान,अमरजीत कुमार पासवान सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

# रामनवमी को लेकर सुगौली में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**बीएनएम @ मोतिहारी**

जिला पुलिस और प्रशासन के निर्देश पर मंगलवार को राम नवमी के त्योहार को लेकर सुगौली में पुलिस बल ने फ्लैग मार्च किया। थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार ने बताया कि थाने के एसआई महेश कुमार रजक,वेदानंद सिंह,शम्भू साह के साथ अन्य पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बल के जवानो ने थाना चौक से बाजार के मेन रोड होते हुए बस स्टैंड चौक पहुंचा जहाँ से स्टेशन रोड और राष्ट्रीय उच्च पथ तक फ्लैग मार्च किया। इस दौरान जवानो ने शहर के सभी महत्वपूर्ण मार्ग होते हुए अमीर खां टोला पहुंचे फिर वहां से वापस थाना पहुंचे। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र में रामनवमी के त्योहार के अवसर पर कई जगह मेला आयोजन होता है, जिसकी सुरक्षा को लेकर कड़ी व्यवस्था की गई है। उन्होने बताया कि रामनवमी त्योहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर एक दिन पूर्व डीजे संचालकों का डीजे थाना पर जमा करवा लिया गया है। उन्होंने कहा डीजे बजाने और हुडदंग करने वाले असमाजिक तत्वो पर निगरानी को लेकर कई स्तरो पर व्यवस्था की गई है।

# मोतिहारी में सॉफ्ट टेनिस का प्रशिक्षण प्राप्त खिलाड़ी राज्य सॉफ्ट टेनिस में लेंगे हिस्सा

**बीएनएम @ मोतिहारी**

जिला मुख्यालय मोतिहारी शहर स्थित गांधी मैदान में चल रहे दो दिवसीय सॉफ्ट टेनिस का प्रशिक्षण शिविर मंगलवार को संपन्न हुआ। प्रशिक्षण प्राप्त खिलाड़ी अगामी 11 मई से 13 मई तक पटना में आयोजित राज्य सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता में जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विनय सिंह जिला अध्यक्ष सॉफ्ट टेनिस पूर्वी चम्पारण,ग्रेपलिंग कुश्ती संघ के जिला अध्यक्ष बिनोद कुमार जयसवाल, टेनिस बॉल क्रिकेट जिला सेक्रेटरी मोतिहारी डॉक्टर मनीष कुमार सिंह, कोच के रूप में सॉफ्ट टेनिस गेम के वर्ल्ड कप के खिलाड़ी सत्यम कुमार ( सासाराम) और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रवि कुमार मेहता( पटना) ,राष्ट्रीय खिलाड़ी राज मल्होत्रा (जहानाबाद) को पुष्प गुच्छ व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि यह प्रशिक्षण पूर्वी चम्पारण जिला सॉफ्ट टेनिस संघ,नेशनल स्पोर्ट्स एकेडमी एवं सेना भर्ती फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर के संयुक्त तत्वाधान में किया गया, जिसमे वर्ल्ड कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी सत्यम कुमार ने शिरकत कर खिलाड़ियो को प्रशिक्षित किया।साथ अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व प्रशिक्षक रवि कुमार मेहता ने भी खिलाड़ियो को साफ्ट टेनिस के गुर सीखाये। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी खिलाड़ी अगामी 11 मई से 13 मई तक पटना में आयोजित राज्य सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता में जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। मौके पर सॉफ्ट टेनिस संघ के सचिव सोनू सिंह,प्रशिक्षण प्रभारी दीपक कश्यप,फिजिकल डॉक्टर मनीष कुमार सिंह,संघ के अध्यक्ष विनय सिंह ,मुख्य संरक्षक प्रोफेसर पहलाद सिंह ,निर्देशक डॉक्टर करमात्मा पाण्डे, मुन्ना गिरी सहित अन्य उपस्थित थे।



BORDER NEWSMIRROR

# Editorial

Wednesday 17 April 2024

## नक्सलवाद बड़ी चुनौती

छत्तीसगढ़ में नक्सली समस्या से निपटना बड़ी चुनौती बना हुआ है। वास्तव में नक्सली समस्या छत्तीसगढ़ जैसे एक राज्य की नहीं पूरे राष्ट्र की समस्या है। मंगलवार को छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में मुठभेड़ में 18 नक्सली मारे गए। सुरक्षा बलों ने भारी मात्रा में हथियार बरामद किए हैं। मुठभेड़ में नक्सल कमांडर शंकर राव भी मारा गया है। उस पर 25 लाख का ईनाम था। पुलिस ने बताया कि छोटेबेठिया क्षेत्र में सीमा सुरक्षा बल और जिला रिजर्व गार्ड के एक संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था। सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ ऐसे समय हुई है, जब तीन दिन के बाद वहा पहले चरण का मतदान होने वाला है। निश्चित रुप से सुरक्षाबलों के लिए यह बड़ी कामयाबी है। भारत के 12 राज्यों के 220 जिलों में नक्सली फैल चुके है। संपूर्ण भौगोलिक क्षेत्र का 40 प्रतिशत क्षेत्र नक्सली ग्रसित है अर्थात 92 हजार वर्ग किलोमीटर। वहीं छत्तीसगढ़ नक्सली समस्या के शिकंजे में कसता जा रहा है। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद की शुरुआत समीपवर्ती राज्य आंध्रप्रदेश की सीमा से लगे बस्तर से हुई है। छत्तीसगढ़ के संदर्भ में ऐतिहासिक अवधारणा यह है कि नक्सली समस्या उन क्षेत्रों में पनप रही है जहां आर्थिक असमानता, सामाजिक भेदभाव और राजनीतिक पिछड़ापन है। यह बात सत्य है कि छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित सभी जिले इसी श्रेणी में है। साथ ही नक्सली समस्या पनपने में कहीं न कहीं दोष प्रशासनिक असमानताओं का भी है। यह दोष एवं असमानताएं राजनैतिक प्राशासनिक सामाजिक कुछ भी हो सकता है। देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुके नक्सलवाद से निपटने की रणनीति को अमल में लाते-लाते देश और प्रदेश की सरकारें सही पर सफल क्रियान्वयन चाहती हैं। मगर किस तरह से नक्सली समस्या को समाप्त किया जा सकेगा इसका दावा करना मुश्किल है। सवाल उठ हैं कि आखिर छत्तीसगढ़ में नक्सल ऑपरेशन की क्या स्थिति है। सरकार कह रही है कि नक्सली बैकफुट पर हैं। आखिर इसमें कितनी सच्चाई है। इसके अलावा नक्सलियों के खिलाफ बनाई गई रणनीति कारगर है या फिर इसमें बदलाव की जरूरत है।

## पाक की स्याह सियायत का चेहरा जरदारी

**आर.के. सिन्हा**



आसिफ अली जरदारी करप्शन के आरोपों के सिलसिले में 11 साल जेल में रहे। पर, किस्मत का खेल देखिए कि अब वह दूसरी बार पाकिस्तान के राष्ट्रपति बन गए हैं। यही पाकिस्तान की राजनीति के स्याह चेहरे का सच है। पिछले तीन दशकों से, वे जेल और सत्ता के नजदीक रहे हैं। उन्हें संभवतः पाकिस्तान का सबसे बदनाम राजनेता माना जा सकता है, जो सत्ता के सर्वोच्च पद तक पहुंचने में कामयाब रहा। व्हीलिंग और डीलिंग में माहिर रहे हैं जरदारी। वो 2007 में बेनजीर भुट्टो की हत्या के बाद देश की राजनीति में आए थे। उसके बाद जरदारी अपने देश के राष्ट्रपति बन गए। बेशक, जरदारी से बेहतर सत्ता की राजनीति कोई नहीं कर सकता। एक दशक से अधिक समय तक जेल में रहने और लगातार विवादों में घिरे रहने के बाद, वह पाकिस्तानी राजनीति में अछूत से लेकर निर्विवाद किंगमेकर बन गए। जरदारी एक चतुर और चालाक राजनीतिज्ञ साबित हुए हैं। उन्होंने दिसंबर 2007 में पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) नेतृत्व की कमान संभाली। उन्होंने 2008 के संसदीय चुनावों में पीपीपी को जीत दिलाई और सैन्य नेता जनरल परवेज़ मुशर्रफ को पद छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया। बेनजीर भुट्टो के पहले कार्यकाल के दौरान, जरदारी पर संपत्ति हड़पने के लिए अपनी पत्नी के पद का दुरुपयोग करने के आरोप लगे। विपक्ष ने आरोप लगाया कि जरदारी ने हर सरकारी परियोजना पर कमीशन लिया और उन्हें "मिस्टर टेन परसेंट" का लेबल दिया।उन्हें अपनी पत्नी की पहली सरकार के पतन के लिए भी दोषी ठहराया गया। उन्हें पहली बार 1990 में गिरफ्तार किया गया। जरदारी ने ऐसे समय में राजनीतिक मैदान में उतरने का फैसला किया, जब सब कुछ उनके खिलाफ होता दिख रहा था। उन्होंने 1990 में अपने गृह नगर सिंध के नवाबशाह से नेशनल असेंबली सीट के लिए चुनाव लड़ने का फैसला किया था। कुछ हफ़्ते बाद, उन्हें कई आरोपों में गिरफ़्तार कर लिया गया। वह चुनाव भी हार गए, लेकिन वे 1993 में नेशनल असेंबली के लिए चुने गए। जब उनकी बेगम बेनजरी भुट्टो प्रधानमंत्री थीं, तब जरदारी पर्दे के पीछे से खेल खेलते थे और उन्होंने खुद को देश का सुपर प्रधानमंत्री के रुप में स्थापित कर लिया था। जरदारी ने 200 से अधिक आरोपों में विशेष अदालतों में मुकदमे का सामना किया,जिसमें फिरौती के लिए अपहरण से लेकर बैंकों को धोखा देने से लेकर राजनीतिक विरोधियों की हत्या की साज़िश रचने तक के केस शामिल थे। लेकिन उन पर लगे कोई भी आरोप साबित नहीं हुए। 1992 में जमानत पर रिहा होने के बाद जरदारी का सितारा फिर से चमक उठा। यह पाकिस्तान के राजनीतिक इतिहास में एक अविस्मरणीय क्षण था, जब जरदारी को जेल से रिहा किया गया और 1993 में नवाज शरीफ की पहली संघीय सरकार को हटाने के बाद बनी अंतरिम सरकार में उन्होंने संघीय मंत्री के रुप में शपथ ली। विडंबना यह है कि शपथ राष्ट्रपति गुलाम इशाक खान ने दिलाई। उन्होंने ही जरदारी को जेल भेजने का रास्ता साफ किया था। दरअसल 1993 के चुनावों में पीपीपी की जीत के बाद, जरदारी उन सभी विवादों के साथ सत्ता में वापस आ गए, जिनके चलते बेनजीर भुट्टो सरकार गिरी थी। अब संघीय मंत्री जरदारी पर एक बार फिर भ्रष्टाचार और राजनीतिक हेराफेरी के आरोप लगने लगे। हालाँकि जरदारी को अतीत में कभी भी निर्णायक रुप से दोषी नहीं ठहराया गया, लेकिन पाकिस्तानी अवाम को जन्नत की हकीकत पता है। उनकी बहनों सहित उनके परिवार के कुछ सदस्य भी भ्रष्टाचार में कथित रुप से अकंठ डूबे हुए थे।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

*Today's Opinion*

## बांग्लादेश में भारत से एहसान फरामोशी करने वाले कौन ?



**आर.के. सिन्हा**

कोई चाहे तो बांग्लादेश के विपक्ष से एहसान फरामोशी सीख सकता है। जिस भारत ने बांग्लादेश को , या यूँ कहें कि 1970 तक के पूर्वी पाकिस्तान, की प्रताड़ित और पीड़ित आम जनता के हितों की रक्षा के लिए पाकिस्तान से युद्ध मोल लिया, उस बांग्लादेश की प्रमुख विपक्षी दल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) लगातार भारत के खिलाफ जहर उगलती रहती है। उसके जहरीले अभियान से पड़ोसी मुल्क के कठमुल्लों को भी भारत और अपने ही बांग्लादेश के हिन्दुओं के खिलाफ हिंसा करने का मौका मिल जाता है। बांग्लादेश में बीएनपी ने हाल ही में भारत के उत्पादों के बॉयकाट का आहवान भी किया हुआ है। इसके चलते वहां प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद की सरकार और विपक्ष आमने-सामने है। मुस्लिम बहुल बांग्लादेश में भारत विरोधी भावना कोई नई बात नहीं है। पिछले साल क्रिकेट विश्व कप में भारत की हार के बाद ढाका और वहां के कई शहरों में जश्न मना था।मैं तो स्वयं 1970 के भारत - पाक युद्ध में " युद्ध संवाददाता " के हैसियत से बांग्लादेश में भारतीय सेना के साथ रहा था । युद्ध के दौरान भारतीय सेना ने लाखों बांग्ला भाषी मुसलमान भाइयों को क़त्लेआम से बचाया , हज़ारों बंगाली बेटियों और बहनों को पाकिस्तानी सेना द्वारा किए जा रहे बलात्कार से रक्षा की । इन सभी अत्याचारों का मैं प्रत्यक्षदर्शी गवाह हूँ । लेकिन , बांग्लादेश की आज़ादी के बाद जब बंगबंधु शेख़ मुज़ीबुर रहमान ने सभी युद्ध संवाददाताओं के साथ - साथ वरिष्ठ संपादकों को एक विशेष ट्रेन भेजकर बुलाया , तभी जगह - जगह " इंडियाज़ जिनीस - पत्तर भालो नेई" के वाल पेंटिंग देखने को मिले । जब मैंने शेख़ मुजीब के पीआरओ से पूछा कि भारत ने तो युद्ध के बाद लाखों बांग्लादेशियों को भुखमरी से बचाया , हज़ारों मकान बनवाये , फिर यह क्या चल रहा है ?" तब पीआरओ ने कहा , "आप चिंता मत कीजिए । कुछ हिंदू विरोधी कट्टरपंथी हैं, उन्हें ठीक करने में सरकार लगी हुई है ।" लेकिन , वे तो आज भी बने हुए हैं, बल्कि ; कई गुना बढ़ गये हैं। बांग्लादेश में भारत के कथित हस्तक्षेप को लेकर विरोध और असहमति 1990 के दशक से देखी जा रही है । लेकिन , हाल के वर्षों में विरोध के ये सुर कहीं ज़्यादा मुखर हुए हैं। आपको याद ही होगा कि बीएनपी और उसकी सहयोगी पार्टियों ने देश में बीती जनवरी में हुए आम चुनाव का बहिष्कार किया था। इस चुनाव में जीत के बाद शेख़ हसीना चौथी बार बांग्लादेश की प्रधानमंत्री बनी थीं। आप कह सकते हैं कि आम चुनाव के बाद से बीएनपी के अधिकांश नेता ये माहौल बनाने में जुटे हुए हैं कि बांग्लादेश के एकतरफ़ा चुनाव को सिर्फ़ भारत की वजह से वैधता मिली है और इसलिए लोगों को भारत और उसके उत्पादों का बहिष्कार करना चाहिए। बांग्लादेश से आ रही ख़बरों से संकेत मिल रहे हैं कि बीएनपी की विदेश मामलों की कमिटी (एफ़आरसी) चीन की कम्युनिस्ट पार्टी से संबंध प्रगाढ़ करना चाह रही है। संकेत बहुत साफ है कि बीएनपी भारत से नफरत करती है। हालांकि उसकी नफरत की वजह समझ से परे है। भारत का 1947 में बंटवारा हुआ। पंजाब और बंगाल सूबों के कुछ हिस्से पाकिस्तान में चले गए। आगे चलकर पाकिस्तान का वह भाग, जिसे पूर्वी पाकिस्तान कहते थे, 1971 में एक स्वतंत्र देश के रूप में विश्व मानचित्र पर उभरा । नए देश का नाम बांग्लादेश के रूप में जाना गया। उसकी स्थापना में भारत का योगदान रहा। पर वहां पर शुरु से ही घनघोर कठमुल्ले छाए रहे। उनकी जहालत की एक तस्वीर लगातार देखने को मिलती रहती है। वहां पर हिन्दुओं और प्राचीन हिन्दू मंदिरों पर हमले लगातार होते रहते हैं। कुछ साल पहले बांग्लादेश में अमेरिकी ब्लॉगर अविजित रॉय की निर्मम हत्या और उनकी पत्नी के ऊपर हुए जानलेवा हमले से वहां पर कठमुल्लों की बढ़ती ताकत का पता चलता है। वहां पर धर्मनिरपेक्ष ताकतों के लिए स्पेस जीवन के सभी क्षेत्रों में घट रहा है।अविजित रॉय बांग्लादेश मूल के अमेरिकी थे। वे हिन्दू थे। वे और उनकी पत्नी बांग्लादेश में कट्टरपंथी ताकतों के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहे थे अपने ब्लॉग के जरिए। अविजित की हत्या से बांग्लादेश में हिन्दुओं की भयवाह होती स्थिति पर पूरी दुनिया का ध्यान गया था।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

मुद्रक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी बिहार -845401 से मुद्रित तथा सरोतर निवास राजाबाजार, मोतिहारी बिहार से प्रकाशित, संपादक सागर सूरज* फोन न:-06252-296796,
प्रसार:-9470050309 ईमेल:- bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइट:- www.bordernewsmirror.com(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) TITLE CODE - BIHBIL02431

# नारियां अब पुरुषों की परछाई नहीं पारिवारिक समाज का आधार स्तंभ

**संजीव ठाकुर**


आज स्त्री के संदर्भ में सारी पुरातन अवधारणाओं को बदलने का समय आ गया है ।नारी अब घर में पूज्या तो है ही साथ ही वह समाज में अपनी अहमियत की दस्तक देकर देश की सीमा सुरक्षा में भी अपना योगदान दे रही है। राष्ट्र निर्माण में नारी की शिक्षा एवं उनकी सहभागिता भारत का शक्तिशाली भविष्य है, अतः नारी की शिक्षा देश के लिए अति महत्वपूर्ण मुद्दा बन गई है। वह समय चला गया जब किसी घर में कन्या के पैदा होने से पूरे परिवार में मातम छा जाता था अब भारत में धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश में लिंग भेद बदलने लगा है।

स्थिति यह है कि शिक्षित परिवार केवल एक संतान ही पैदा करना चाहती है चाहे वह कन्या हो या बेटा। अब परिवार में कन्या पैदा होने से खुशियां मनाई जाती है और पुरातन सोच अब धीरे-धीरे सामाजिक परिवेश को मस्तिष्क के मूल्यांकन के साथ बदलते जा रही है। पुरुष प्रधान समाज में नारी को पूज्या कह कर बहला दिया जाता था और उसे घर की चहारदीवारी में सीमित कर दिया गया था। यही कारण था कि वे पुरुषों की बराबरी मैं ना आकर बहुत पिछड़ गई और देश की समग्र विकास की स्थिति एकांगी हो गई थी। समाज यह भूल गया था कि जिन हाथों में कोमल चूड़ियां पहनी जाती हैं वही हाथ तलवार भी उठा कर युद्ध में एक वीरांगना की भूमिका निभाती है, इसकी सर्वश्रेष्ठ उदाहरण रजिया बेगम और रानी लक्ष्मीबाई रही हैं। मनुस्मृति पर यदि आप नजर डालेंगे तो पाएंगे कि उसमें स्पष्ट कहा गया है कि जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का वास होता है। प्राचीन भारत में नारी शिक्षा का काफी प्रचार प्रसार किया गया था इसके कई प्रमाण भी हैं कि वेद की रिचाओं का ज्ञान नारियों को था इसमें कुछ महत्वपूर्ण नारियां समाज के लिए एक उदाहरण बन गई थी उनमें मैत्री, गार्गी, अनुसूया, सावित्री, आदि उल्लेखनीय हैं। वैदिक काल के विद्वान मुंडन मिश्र की पत्नी उदय भारती ने प्रकांड पंडित विश्व विजयी आदि शंकराचार्य को भी शास्त्रार्थ में भरी सभा में पराजित किया था। इसीलिए वेदों और पुराणों में भी उल्लेखित है की बालिका शिक्षा समाज के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला होता है।

महादेवी वर्मा ने नारी शिक्षा को पुरुष शिक्षा से ज्यादा महत्वपूर्ण बताया था उन्होंने कहा था स्त्री को शिक्षित बनाना एक पुरुष को शिक्षित बनाने से ज्यादा आवश्यक और महत्वपूर्ण है यदि एक पुरुष शिक्षित -प्रशिक्षित होता है तो उससे एक ही व्यक्ति को लाभ होता है किंतु यदि स्त्री शिक्षित होती है तो उससे संपूर्ण परिवार शिक्षित हो जाता है.

उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण बात कही नारी को अशिक्षित रखना समाज के लिए अपराध के समान है। समय के परिवर्तन के साथ साथ नारी का महत्व अब पूरे तौर पर समझा जा रहा है आज समाज तथा देश में नारियां सर्वोत्कृष्ट कार्य कर रही है। समाज हो या विज्ञान या राजनीति अथवा समाज सेवा संपूर्ण क्षेत्र में आज नारियां पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर सर्वश्रेष्ठ कार्य कर रही है। मैडम क्यूरी, कल्पना चावला, इंदिरा गांधी, श्रीमति भंडार नायके, सरोजनी नायडू, कस्तूरबा गांधी जैसी महिलाएं राष्ट्र का मार्गदर्शन करने का काम करती रही है। महात्मा गांधी ने स्वयं कहा है कि जब तक भारत की महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में काम नहीं करेगी तब तक भारत का सर्वांगीण विकास संभव नहीं है। पी वी संधू, वित्त मंत्री सीतारमण स्मृति ईरानी और मंत्रिमंडल में शामिल महिलाएं किसी से पीछे नहीं हैं और सबसे ताजा उदाहरण भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने महिला होकर महिलाओं का नाम राष्ट्र की प्रथम पंक्ति में दर्ज कर देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पद को सुशोभित किया है।।

# ख्वाब में हकीकत



**ममता सिंह राठौर, कानपुर**

सपने जो हम सोते हुए देखते हैं, उनके बारे में आप लोगो की क्या राय है ? बताइगा। वैसे मेरी भी समझ में कुछ ज्यादा नहीं है, हां पर यह लगता है कि जो मन में चल रहा होता है वो देखते हैं, फिर कभी बिल्कुल विचित्र सपने होते हैं। खैर, आज हम आप को आज के सपने में देखी हुई घटना का ही विवरण दे रही हूं जो बिल्कुल सच है।

हुआ यूं की आज दोपहर मैं जब सोई तो इस सपने ने ही जगा दिया, तो मन थोड़ी देर तक सोचता रहा फिर हँसी भी आ गई तो सोचा चलो आप लोगों को भी जगाते हैं, हँसाते हैं। अच्छा आज समय का जो दौर है उसके साथ सब लोग क्या चल पा रहे ? हां पर कुछ लोग दौड़ रहें है कुछ लोग छलांग लगा र हे हैं, पर कुछ लोग बेचैन भी हैं और सोचते हैं कि हमारी भारत भूमि जहां सत्यवादी हरिश्चंद्र, राजा दशरथ, जैसे लोग हुए हैं बल्कि आज भी किसी विद्यालय में झूठ का समर्थन नहीं होता। सामने से, बाकी आप सब की राय,पर अब आप चलते फिरते देखो कैसे -कैसे लोग, एक छोटी सी बात मन में घूम रही थी।

हुआ यूं की किसी से मेरी यूं ही रास्ते में मुलाकात हुई, नमस्ते की, हमने तो वो खड़ी हो गई बात करती रहीं ।मेरे सच्चे लेखन की जिससे वो बहुत प्रभावित हैं, ऐसा बताया उन्होंने, तभी मेरी नजर उनके हाथ में दूध की बाल्टी पर पड़ी तो हमने पूछ लिया कितने में देते हैं दूध ? तो जवाब देखिए- हमने पूछा ही नहीं कितने में देता है हम तो जो बिल देता है बस दे देती हूं.... हिहिही। हमें भी हँसी आ गई,अच्छा जी राम राम।

अब अगली कथा जिसने हमें जगा दिया वो यह की सपने में सजी संवरी आठ -दस औरतें दिखीं तो हमने पूछा- आज करवा चौथ है क्या ? तो सब की सब देखी होंठ तो हिलाईं पर जवाब नहीं दिया। हमने फिर पूछा तो फिर वही अभिनय की और एक ने कहा हां है करवा चौथ,तभी हमने कुछ सोचते हुए कहा अच्छा पर हमने तो नवरात्रि का व्रत किया है यह मार्च का महीना है करवा चौथ तो अक्तूबर के महीने में होता है। इसके आगे जो बोल कर मेरी आँख खुल गई वो यह कि जो तुम लोग लिपी पुती बैठी हो, बिल्कुल टी वी सीरियल की सास -बहू साजिश, और-सीखो और घर फोड़ो। मंथरा हो पूरी की पूरी। यह सब मेरे सपने में घटी घटना है ।कोई व्यक्तिगत न ले। वैसे सुंदर यह है कि सब हरी साड़ी में सुहागिनी देवियां दिखीं।

# व्यंग्य: दीनू की किस्मत



**हनुमान मुक्त**

खुशी में समय कैसे निकल जाता है, पता ही नहीं चलता। रामखिलावन उर्फ आर के साहब का समय भी बहुत अच्छे ढंग से गुजर रहा था। आजकल उनकी गिनती अच्छे अफसरों में होने लगी थी। अपनी अफसर बिरादरी में उनकी अच्छी पोजीशन थी। अच्छे खासे परिवार में उनकी शादी हो गई। वे पापा भी बन गए। सात साल का उनके एक बेटा है।

सिंह साहब जैसे गुरु के मार्गदर्शन और अपनी कार्यशैली से उनके पास अपना मकान और बैंक बैलेंस भी बन गया है। उनकी ही जाति बिरादरी का एक युवक है दीनदयाल।

अपने बूते अनुसार पढ़ने लिखने के बावजूद, काफी कोशिश करने के बाद भी जब किसी सरकारी महकमे में अपनी जगह ढूंढने में वह नाकामयाब रहा तो उसने असर-कारी स्कूल में देश का भविष्य निर्माता बनाने का कार्य शुरू कर दिया। असर-कारी स्कूल मास्टर की तनख्वाह असर-दायक नहीं होने से दीनदयाल स्कूल समय से पहले और बाद में होम ट्यूशन कर अपना गुजारा करने लगा।

घर में उसकी मां के सिवाय कोई नहीं था। पिता का देहांत बहुत पहले बचपन में ही हो चुका था। दीनदयाल की उम्र तीस साल के पार हो गई लेकिन क्या मजाल जो कोई नवयौवना का पिता अपनी पुत्री का हाथ उनके हाथों में देने का मानस बनाता। बेचारा दीनदयाल इधर-उधर ताक-झांक कर अपना काम चला रहा था। ताकते-झांकते उसकी आंखों को भी अब शर्म आने लगी थी। पर बेचारा क्या करता ?

यार, दोस्त जब अपने बीवी बच्चों के साथ हंसते बतियाते निकलते तो उसके दिल पर सांप लोट जाता। मन ही मन उसे अपनी किस्मत पर रोना आता। इसी मोहल्ले का होने के कारण सब उसे दीनू ही कह कर पुकारते। प्राइवेट स्कूल में पढ़ाने के कारण अब वह दीनू से दीनू मास्साब बन चुका था। दीनू का पढ़ाने लिखाने में मन कितना लगता। यह तो नहीं पता लेकिन उसके द्वारा घर पर पढ़ने वाले बच्चे और उनके मां-बाप उससे बहुत प्यार करते। वह भी घर पर बच्चों को पढ़ाने के अलावा सब कुछ करता। बच्चों को पढ़ाई का सामान लाने से लेकर, घर का सामान लाने में भी वह कोई कोताही नहीं बरतता। जैसे तैसे दीनू अपना गुजर-बसर कर रहा था। पिछले कुछ दिनों से वह आर के सर के यहां भी उनके नौनिहाल को घर पर ट्यूशन पढ़ाने का कार्य करने लगा था। अन्य ट्यूशन वालों के घर पर वह एक घंटे से अधिक समय खराब नहीं करता लेकिन आरके साहब की लोकप्रियता और कार्यशैली से प्रभावित होकर वहां वह दो घंटे तक खराब करने में कोताही नहीं बरतता।


उसका मानना था कि यह इन्वेस्टमेंट है जिसका फल उसे भविष्य में अवश्य मिलेगा। दीनू यहां साहब और साहिबा के पर्सनल कामों को भी पूरी मुस्तैदी से मन लगाकर पूरा करता। आरके साहब, साहिबा और उनका नौनिहाल दीनू की कर्तव्य निष्ठा, वफादारी और मेहनत से खुश थे। साहब को दीनू की दयनीय दशा पर काफी दया आती, जिसे दीनू अच्छी तरह जानता था। अपनी दयनीय दशा को अच्छी दशा में बदलने के लिए वह मनोरथ सिद्ध वृक्ष पर जाकर मनोकामना का धागा भी बांध आया था। मनोरथ सिद्ध वृक्ष की कृपा उस पर आई या उसकी मेहनत, कर्तव्य निष्ठा और वफादारी ने अपना रंग दिखाया कि एक दिन शाम को साहब, दीनू पर कुछ अधिक मेहरबान नजर आए। उन्होंने दीनू को एक अखबार थमाते हुए कहा, दीनू ! इस अखबार में हमारे महकमे में बाबू की जगह के लिए विज्ञप्ति छपी है। तुम फॉर्म भर दो। दीनू ने अखबार को इधर-उधर पलटा। बोला,साहब इस नाम का अखबार तो आज पहली बार देखा है । सुनकर साहब के चेहरे पर एक रहस्यमई मुस्कान उभर आई। बोले, जब यह बाजार में आएगा ही नहीं तो तुम देखोगे कैसे ? इसका प्रसारण हम जैसे कुछ एक अधिकारियों तक ही सीमित है। तुम्हें आम खाने हैं या पेड़ गिनने। जैसा कहा है, वैसा करो। कल शाम तक फॉर्म तैयार कर दे जाना। अत्यंत गोपनीय काम है। किसी से कुछ कहना मत। दीनू को आम खाने थे। साहब के यहां ट्यूशन के काम को और भी निष्ठा से करने का मन ही मन निर्णय किया। साथ ही साहब के निर्देशानुसार अपना भविष्य संवारने का भी। उनके कहे अनुसार फॉर्म तैयार कर गोपनीय ढंग से साहब को दे आया।

कुछ दिनों बाद साहब ने परीक्षा में बैठने का बुलावा पत्र दीनू को थमा दिया और कुछ गोपनीय निर्देशों के साथ ठीक समय पर परीक्षा स्थल पर पहुंचने का आदेश भी। दीनू ने साहब के आदेशों की अक्षरशः पालना की। सभी काम ठीक-ठाक ढंग से संपन्न हो गया। परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों की कुंजी ,पेपर मिलने के आधे घंटे बाद ही दीनू के पास पहुंच गई और दीनू परीक्षा में पास हो गया। अब आ गई टाइप टेस्ट की बारी। परीक्षा तो टीप टाप कर पास कर ली लेकिन अब टाइप टेस्ट कैसे पास करेगा दीनू। उसे तो टाइप करने की एबीसीडी तक नहीं आती फिर वह टाइप की स्पीड में कैसे पास होगा। मन ही मन वह सोच रहा था।अपना संशय उसने साहब के समक्ष रखा।

साहब ने उसे मस्त रहने को कहा। आर के साहब अब खुद अलादीन के चिराग बन चुके थे। जिनके पास हर समस्या का हल था। पी टीआई सिंह साहब का उन पर पूरा असर था। सिंह साहब की उन पर पूरी कृपा दृष्टि थी ।वे अपने गुरु सिंह साहब से पूरा गुरु ज्ञान ले चुके थे। उन्होंने टाइप टेस्ट वाले दिन दीनू को दिन भर उनके घर पर ही रहने का निर्देश दे दिया कि वह आज घर से बिल्कुल ना निकले। अपने स्कूल से भी आज की छुट्टी ले ले। दीनू, साहब के गोरखधंधे के बारे में सोचता उससे पहले ही उसके दिमाग में पेड़ गिनने के बेवकूफी भरे प्रयास की बजाय आम खाने का विचार आ जाता। उसे आम खाने थे ।वह सब कुछ साहब के निर्देशानुसार कर रहा था। टाइप टेस्ट के दिन, दिन भर साहब के घर पर ही रहा ।जो घर का काम वह कर सकता था ।उसने पूरी कर्मठता से किया। शाम को उसे छुट्टी मिल गई। टाइप टेस्ट हो गया ।कुछ दिनों बाद परीक्षा परिणाम आ गया। दीनू बिना टाइप टेस्ट में बैठे ही टाइप टेस्ट में अच्छे अंको से पास हो गया ।बाद में पता चला कि उसकी टाइप टेस्ट की परीक्षा साहब के ऑफिस में काम करने वाले टाइपिस्ट ने दी थी। भगवान ने दीनू की सुन ली। अब वह आर के साहब के ऑफिस में ही सरकारी बाबू बन गया।

**मुक्तायन, 93, कांति नगर**
**मुख्य डाकघर के पीछे, गंगापुर सिटी,**
**सवाई माधोपुर (राजस्थान)**

**नमिता गुप्ता मनसी**



## हो सके तो सीखना कभी..

पेड़ों से..बीजों के अंकुरन की भाषा,
चिडियों से..घोंसला बुने जाने की भाषा,
पतंगों से..हवाओं की भाषा,
बादलों से..बारिश की भाषा,
बूंदों से..पानी की भाषा,
नदियों से..अनवरत बहने की भाषा,
तारों से.. आकाश की भाषा,
सूरज से..धूप की भाषा,
चांद से..चमकने की भाषा !!

नवजात से.. किलकारी की भाषा,
चित्रकार से..रंगों की भाषा,
स्त्री से.. उसके दर्द की भाषा
प्रौढ़ से..जीवन की भाषा
प्रेम से..मौन की भाषा,
और
जीवन से..उसके होने की भाषा !

सुनों..
समाहित हैं ये सभी भाषाएं सदियों से
कवियों की कविताओं में !!

**मेरठ, उत्तर प्रदेश**

# सेहत और त्वचा समस्याओं के लिए रामबाण इलाज है केसर का पानी



कई चमत्कारी गुणों से भरपूर केसर लंबे समय से अलग-अलग तरीकों से इस्तेमाल किया जा रहा है। केसर का उल्लेख आयुर्वेद में भी पाया जाता है। पकवानों और व्यंजनों का स्वाद बढ़ाने के लिए इस्तेमाल होने वाला केसर हमारे स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि त्वचा और बालों के लिए भी काफी फायदेमंद होता है।

इसमें मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी,एंटी-अल्जाइमर, एंटी कॉनवल्सेन्ट और एंटीऑक्सीडेंट जैसे गुण कई तरह की समस्याओं में मददगार होते हैं। केसर का इस्तेमाल अस्थमा, खांसी, गले में खराश, काली खांसी जैसी कई समस्याओं के लिए किया जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि केसर का पानी भी कई परेशानियों में आपके लिए सहायक साबित होता है। अगर नहीं, तो आज हम आपको बताएंगे केसर के पानी से होने वाले फायदों के बारे में-

## त्वचा के लिए फायदेमंद

केसर आपकी त्वचा के लिए बेहद गुणकारी होता है। एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर केसर स्किन में मौजूद टॉक्सिन को बाहर निकालने में मददगार है। केसर का पानी पीने से स्किन हाइड्रेट रहती है और इसे पोषण भी मिलता है। इसके अलावा इसके सेवन से कील,मुंहासे,फुंसी समेत कई अन्य समस्याएं दूर रहती हैं।

## पीरियड्स के दर्द में कारगर

केसर का पानी माहवारी के दौरान होने वाली समस्याओं में भी काफी आराम दिलाता है। अगर आपको पीरियड्स की वजह काफी दर्द होता है, तो इसके लिए आप केसर का पानी पी सकते हैं। साथ ही अगर आपको हैवी पीरियड्स नहीं आ पा रहे हैं, तो इसके लिए भी केसर का पानी उपयोगी साबित होगा।

## हेयरफॉल रोकने में असरदार

बालों का झड़ना एक आम समस्या है, जिससे कई लोग अक्सर परेशान रहते हैं। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं, तो इसके लिए केसर का पानी पी सकते हैं। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट न सिर्फ हेयरफॉल को रोकते हैं, बल्कि बालों के रोम को मजबूत बनाकर इन्हें बढ़ने में मदद करता है।

## शुगर क्रेविंग करें कंट्रोल

अक्सर खाना खाने के बाद कई लोगों को मीठा खाने की क्रेविंग होती है। लेकिन जरूरत से ज्यादा मीठा खाना हमारी सेहत के लिए काफी हानिकारक हो सकता है। ऐसे में अगर आप अपनी शुगर क्रेविंग को कंट्रोल करना चाहते हैं, तो इसके लिए सुबह केसर का पानी पीना काफी फायदेमंद होगा।

## चाय-कॉफी का बेहतर विकल्प

ज्यादातर लोगों की आदत होती है कि वह अपने दिन की शुरुआत एक कप चाय या कॉफी से करते हैं। लेकिन खाली पेट सुबह चाय या कॉफी का सेवन आपकी सेहत के लिए नुकसानदेय हो सकता है। ऐसे में अगर आप सुबह के लिए चाय या कॉफी का कोई विकल्प ढूंढ रहे हैं, तो इसके केसर का पानी बढ़िया विकल्प है। इसे पीने से आप पूरे दिन रीफ्रेश फील कर पाएंगे।

# बालों को मजबूत, घना और शाइनी बनाने के लिए पिएं ये ड्रिंक्स

**खानपान में गड़बड़ी, बढ़ते प्रदूषण, खराब जीवनशैली के कारण बालों से जुड़ी समस्याएं अब लोगों में आम हो चुकी हैं। कम उम्र में बाल सफेद होना हो या असमय बाल झड़ने की समस्या हर तीसरा व्यक्ति इन परेशानियों का शिकार है।**

**खराब पोषण के कारण भी बालों से जुड़ी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। हेयर फॉल, बाल सफेद होने की समस्या या बालों से जुड़ी दूसरी तमाम समस्याओं के लिए मार्केट में कई तरह के प्रोडक्ट्स मौजूद हैं। लेकिन इन प्रोडक्ट्स में केमिकल या प्रिजर्वेटिव्स का इस्तेमाल किया जाता है, जो आपके बालों को कई नुकसान पहुंचा सकते हैं। बालों से जुड़ी समस्याओं के खतरे को कम करने के लिए कुछ ड्रिंक्स का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। आइए आज इस लेख में जानते हैं बालों के लिए फायदेमंद ऐसे ही ड्रिंक्स के बारे में।**




## बालों के लिए फायदेमंद ड्रिंक्स

बालों से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए नियमित रूप से कुछ ड्रिंक्स का सेवन करना बहुत फायदेमंद होता है। लोग अक्सर सुबह उठते ही चाय या कॉफी और कई तरह के कैफीन युक्त ड्रिंक्स का सेवन करते हैं। इन ड्रिंक्स के सेवन से आपके बालों को कई नुकसान हो सकता है।

## 1. एलोवेरा जूस का सेवन

एलोवेरा जूस का सेवन करने से आपके बालों को बहुत फायदे मिलते हैं। एलोवेरा जूस में विटामिन सी, विटामिन ई, बीटा कैरोटीन जैसे पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं। इसका नियमित रूप से सेवन करने से आपके बाल स्ट्रांग होते हैं और उनकी चमक बढ़ती है। इस जूस का सेवन करने से आप दिन भर एनर्जेटिक भी रहेंगे।

## 2. कीवी का जूस

कीवी का जूस पीने से आपको कई अनोखे फायदे मिलते हैं। कीवी में मौजूद विटामिन ई और अन्य पोषक तत्व बालों को मजबूत और घना बनाने में बहुत फायदेमंद होते हैं। इसका सेवन करने से आपकी इम्यूनिटी भी मजबूत होती है।

## 3. आंवले का जूस

आंवला सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। आंवले में मौजूद गुण और पोषक तत्व आपको कई गंभीर बीमारियों और परेशानियों से बचाने का काम करते हैं। आंवले का जूस पीने से आपको हेयर फॉल की समस्या में भी फायदा मिलता है।

बालों से जुड़ी समस्याओं में आंवले का जूस पीने से बहुत फायदा मिलता है।

## 4. पालक का जूस

पालक का जूस भी आपकी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है। पालक में आयरन, बायोटिन आदि की पर्याप्त मात्रा होती है। बालों को मजबूत, घना और शिल्की बनाने के लिए इनका सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है।

बालों को हेल्दी, मजबूत और शाइनी बनाने के लिए ऊपर बताये गए ड्रिंक्स का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। इनका सेवन करने से आपके बालों को पर्याप्त पोषण मिलता है और बाल हेल्दी होते हैं।

# शरीर में आयरन की कमी के संकेत हो सकते हैं ये लक्षण



सेहतमंद रहने के लिए बेहद जरूरी है कि शरीर में सभी आवश्यक पोषक तत्वों की पूर्ति की जाए। स्वस्थ रहने के लिए पौष्टिक आहार खाना काफी जरूरी होता है। हमारे शरीर के संपूर्ण विकास के लिए कई सारे पोषक तत्व जरूरी होते हैं। ऐसे में पौष्टिक आहार की मदद से शरीर को जरूरी न्यूट्रिएंट्स मिलते हैं। यह बेहद जरूरी है कि इसकी कमी होने पर तुरंत ही शरीर में इसकी पूर्ति की जाए।

## पीली त्वचा

खून में मौजूद हीमोग्लोबिन की वजह से आमतौर पर हमारी त्वचा हल्की लाल रंग की नजर आती है। लेकिन अगर आपके शरीर में आयरन की कमी है, तो इसकी वजह से आपकी स्किन के रंग में बदलाव आने लगता है।

आयरन की कमी की वजह से अक्सर त्वचा पीली नजर आने लगती है। इसके अलावा स्किन पर काले या नीले रंग के दाग भी बन सकते हैं।

## हाथों-पैरों का ठंडा होना

शरीर में आयरन की कमी होने पर हाथ-पैर ठंडे रहने लगते हैं। अगर आपके शरीर में आयरन की कमी है, तो इसकी वजह से आपको भी हाथ-पैर ठंडे महसूस हो सकते हैं। ऐसे में अगर आप अपने अंदर लगातार इस तरह के संकेत देख रहे हैं, तो तुरंत अपने डॉक्टर से संपर्क करें।

## नाखूनों का कमजोर होना

आयरन की कमी होने पर इसका असर हमारे नाखूनों पर भी नजर आता है। आमतौर पर कमजोर नाखून कैल्शियम की समस्या की वजह से हो सकते हैं, लेकिन कई बार यह आयरन की कमी का संकेत भी होते हैं। ऐसे में अगर आपके नाखून भी कमजोर पर ज्यादा टूट रहे हैं, तो आपको इस पर ध्यान देने की जरूरत है।

## बालों की समस्या

नाखूनों के साथ ही आयरन की कमी की वजह से बालों पर भी असर पड़ता है। हीमोग्लोबिन के निर्माण में आयरन एक अहम भूमिका निभाता है।

ऐसे में अगर आपके शरीर में आयरन की कमी है, तो इससे आपके नाखून और बाल भी प्रभावित होने लगते हैं। दरअसल, आयरन की कमी की वजह से बालों को जरूरी पोषण नहीं मिल पाता है, जिससे वह झड़ने और कमजोर होने लगते हैं।

## आयरन की कमी के अन्य लक्षण

शरीर में आयरन की कमी अक्सर एनीमिया की समस्या को जन्म देती है। यह एक गंभीर समस्या होती है। अगर शुरुआती स्तर में इसकी पहचान कर ली जाए, तो वक्त रहते इसे सही इलाज की मदद से ठीक किया जा सकता है। आयरन की कमी के कुछ अन्य सामान्य लक्षण निम्न हैं-

थकान, बेहोशी, सिर दर्द, कमजोरी, छाती में दर्द, गले में खराश, जीभ में सूजन, सांस लेने में तकलीफ, मुंह के किनारों का फटना, दिल के धड़कन का बढ़ना।

## किन चीजों से करें आयरन की पूर्ति

शरीर में आयरन की कमी एक गंभीर हालात उत्पन्न कर सकती है। ऐसे में यह बेहद जरूरी है कि समय से इसके लक्षणों की पहचान कर शरीर में इसकी पूर्ति की जाए।

अगर आप आपके शरीर में भी आयरन की कमी है, तो आप इसके कमी पूरी करने के लिए अपनी डाइट में रेड मीट और पोल्ट्री, सी फूड, बीन्स, गहरी हरी पत्तेदार सब्जियां सूखे मेवे, किशमिश और खुबानी आदि को शामिल कर सकते हैं।

# BNM Fantasy



## राशि खन्ना ने खरीदा सपनों का आशियाना

साउथ सिनेमा से लेकर बॉलीवुड तक अपनी एक अलग पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस राशि खन्ना आज किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने हिंदी सिनेमा में मद्रास कैफे से डेब्यू किया था। इसके बाद उन्हें कई फिल्मों में देखा गया, लेकिन एक्ट्रेस को पहचान शाहिद कपूर की पॉपुलर वेब सीरीज 'फर्जी' से मिली। इसके बाद वह हाल ही में सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ 'योद्धा' में दिखाई दी थीं। फिल्मों में बेहतरीन अभिनय दिखाने के बाद अब एक्ट्रेस अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर लाइमलाइट में हैं। दरअसल, राशि ने हैदराबाद में घर खरीदा है, जिसकी कुछ तस्वीरें भी सामने आई हैं।

भ

*भोजपुरिया हॉट केक अंजना सिंह और यामिनी सिंह स्टारर फिल्म बड़े घर की बेटी की शूटिंग शुरू*

B4u मोशन पिक्चर्स प्रस्तुत नीलम तिवारी फिल्म (OPC) प्राइवेट लिमिटेड के बैनर से बनने वाली भोजपुरी फिल्म "बड़े घर की बेटी" की शूटिंग शुरू हो गई है। यह एक कंटेंट प्रधान और महिला सशक्तिकरण की कहानी पर आधारित फिल्म होने वाली है, जिसमें भोजपुरिया हॉट केक अंजना सिंह और नई जनरेशन की सनसनी यामिनी सिंह मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। इस फिल्म के निर्माता संदीप सिंह, अंजनी तिवारी और नीलाभ तिवारी हैं, जबकि निर्देशक संजीव बोहरपी हैं। फिल्म को बिग स्केल पर शूट किया जा रहा है। यह फिल्म भोजपुरी सिनेमा को नई दिशा देने वाली हो सकती है। फिल्म के निर्माता ने बताया कि बड़े घर की बेटी बेहद सामाजिक और सरोकारों वाली फिल्म है। यह मनोरंजन के साथ-साथ एक सार्थक संदेश भी समाज को देगी। वहीं, फिल्म के निर्देशक संजीव बोहरपी ने बताया कि फिल्म की शूटिंग जोरों शोरों से चल रही है। इस फिल्म की कहानी दर्शकों के दिलों को छू लेगी। उन्होंने कहा कि बचपन में मुंशी प्रेमचंद की कहानी बड़े घर की बेटी पढ़ा था, फिर इस टाइटल से हिंदी सिनेमा में एक फिल्म भी बनी थी। लेकिन हमारी यह फिल्म इन दोनों से काफी अलग है और फ्रेश कहानी के साथ हम दर्शकों के सामने आएंगे। फिल्म की कास्टिंग भी कहानी के हिसाब से ही की गई है इसलिए हमें लगता है कि यह फिल्म दर्शकों के साथ-साथ क्रिटिक्स को भी पसंद आएगी। वही फिल्म को लेकर अंजना सिंह ने कहा कि कथ्य प्रधान फिल्मों में काम करने का अपना ही अंदाज होता है।



## अमेरिका पहुंचते प्रियंका चोपड़ा ने शुरू की शूटिंग

***हॉलीवुड फिल्म में नजर आएंगी देसी गर्ल***



पिछले महीने प्रियंका चोपड़ा अपने पति निक जोनस और बेटी मालती मैरी के साथ भारत में थीं। एक्ट्रेस ने मुंबई में करीब 10 से 15 दिन बताए। इस दौरान अभिनेत्री ने परिवार के साथ होली का भी जश्न मनाया और भाई सिद्धार्थ चोपड़ा के रोका सेरेमनी फंक्शन का भी हिस्सा बनीं थी। 30 मार्च को अभिनेत्री अमेरिका के लिए रवाना हो गई थी। ऐसे में अब पीसी एक बार फिर अपने काम पर लौट चुकी हैं। इसकी जानकारी खुद एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर साझा की है। प्रियंका ने अपनी आने वाली नई फिल्म की घोषणा की है, जिसे देखकर अभिनेत्री के फैंस बेहद खुश हैं।प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक फोटो शेयर कर हॉलीवुड प्रोजेक्ट की झलक दिखाई है। तस्वीर में देखा जा सकता है कि प्रियंका चोपड़ा अब 'हेड ऑफ स्टेट' शुरू करने जा रही हैं। यह हैरिसन क्वेरी द्वारा लिखा गया है। तस्वीर शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, "और हम वापस आ गए।" प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक फोटो शेयर कर हॉलीवुड प्रोजेक्ट की झलक दिखाई है। तस्वीर में देखा जा सकता है कि प्रियंका चोपड़ा अब 'हेड ऑफ स्टेट' शुरू करने जा रही हैं। यह हैरिसन क्वेरी द्वारा लिखा गया है। तस्वीर शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, "और हम वापस आ गए।"प्रियंका इन दिनों बॉलीवुड और हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स में भी व्यस्त हैं। हाल ही में प्राइम वीडियो के इवेंट में भी प्रियंका शामिल हुईं। कार्यक्रम में प्रियंका ने अपनी डॉक्युमेंट्री वुमन ऑफ माइ बिलियन की घोषणा की, जो देश की ऐसी महिलाओं की कहानी दिखाएगी, जिन्होंने जीवन में हिंसा का सामना किया है। अजितेश शर्मा निर्देशित डॉक्युमेंट्री प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।